कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी.एड. संकायों की नैक (B⁺⁺) प्रत्यायित संस्था

# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

**सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

# दिगंत

## ई-पत्रिका:दिसम्बर-2025



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : www.dnpgcollege.edu.in **Helpline Email** : dnpgonline@gmail.com

**Office Email** : dnpggkp@gmail.com **Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:दिसम्बर-2025

## संरक्षक मण्डल



**परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज**

## मुख्य संरक्षक



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**


**उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर**

## सम्पादक मण्डल



**प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य**

## प्रधान सम्पादक

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग 
2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग 
3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग 
4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक 



December-2025

# कार्यक्रम-विवरण

| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.12.2025 | महाविद्यालय | एकदिवसीय जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यशाला | 1 |
| 2 | 11.12.2025 | महाविद्यालय | महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अन्तर्गत क्रीड़ा एवं योग्यता छात्रवृत्ति पारितोषिक वितरण कार्यक्रम | 2 |
| 3 | 15.12.2025 | स्त्रातजिक अध्ययन विभाग | विशिष्ट व्याख्यान | 3 |
| 4 | 26.12.2025 | महाविद्यालय | पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता | 4 |

December-2025



# एकदिवसीय जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यशाला






**दिनांक 01.12.2025 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला एड्स समन्वय समिति, गोरखपुर के तत्वावधान में एनेक्सी भवन में एकदिवसीय जागरूकता एवं संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज की छात्रा शिवांशी सिंह, बीएससी प्रथम वर्ष ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता तथा छात्र मृत्युंजय गोंड, बीएससी प्रथम वर्ष ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता। **प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने विजेता छात्रों को बधाई दी तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए और अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।** जंतु विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ अनीता कुमारी तथा सहायक प्रोफेसर श्री हिमांशु यादव ने छात्रों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



## महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अन्तर्गत क्रीड़ा एवं योग्यता छात्रवृत्ति पारितोषिक वितरण कार्यक्रम






**दिनांक 11.12.2025 को महाविद्यालय में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अन्तर्गत क्रीड़ा एवं योग्यता छात्रवृत्ति पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोरक्ष प्रताप सिंह–सदस्य महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद थे उन्होने सम्बोधित करते हुए कहा कि** आपके अन्दर असीम क्षमता है, उसे पहचानिए और सदैव आगे बढ़िए। आप सभी सौभाग्यशाली हैं जो एक ऐसे स्वप्नद्रष्टा के संस्था में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जो समाज को एक नई दिशा देने हेतु संकल्पित रहे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गो रक्षा सेवा प्रमुख श्री अखिलेश जी ने कहा कि आप जीवन में वह सबकुछ कर सकते हैं, जो दूसरे नही कर सकें। जीवन में कठिन परिश्रम से अपेक्षित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि कोई** देश अपने भूमि से नहीं बल्कि अपने नागरिकों की भूमिका से महान बनता है। मन के हारे हार है और मन के जीते जीत, इसलिए जीवन में आप सभी तकनीकी का प्रयोग करते हुए अपनी क्षमता व कौशल को बढ़ाइये।

Decem



## स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा 'विजय दिवस' की पूर्व संध्या पर विशिष्ट व्याख्यान







**दिनांक 15 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा 'विजय दिवस' की पूर्व संध्या पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर विनोद कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय थे उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि** बांग्लादेश का अभ्युदय तो भारत–पाकिस्तान के विभाजन के साथ हो गया था, क्योंकि तात्कालिक. पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्ला देश), एवं पश्चिमी पाकिस्तान (वर्तमान पाकिस्तान) से पूरी तरह से भिन्न था।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि कश्मीर** पर आधिपत्य स्थापित करना पाकिस्तान की नीति का प्रारंभ से ही प्रमुख उद्देश्य रहा है। प्रत्यक्ष युद्धों में भारत के विरूद्ध सफलता न मिलने पर पाकिस्तान ने आतंकवाद, घुसपैठ और आंतरिक अस्थिरता फैलाने की रणनीति अपनाई।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता





**दिनांक 26.12.2025 महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र प्रद्युम्न दूबे ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित कर इतिहास रच दिया।**

विकास भवन, गोरखपुर में आयोजित इस भव्य समारोह में प्रद्युम्न को पुरस्कार स्वरूप 10,000 रुपये की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा संचालित की गई थी, जिसमें विभिन्न जनपदों के होनहार छात्रों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा, गोरखपुर ग्रामीण विधायक श्री विपिन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री शाश्वत त्रिपुरारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अमरकांत सिंह, प्राचार्य, दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज डॉ. ओम प्रकाश सिंह तथा जिला विकास अधिकारी गोरखपुर सि हत बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। **महापौर डॉ. श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में प्रद्युम्न की सराहना करते हुए कहा कि** युवाओं में अटल जी जैसे नेतृत्व की भावना जगाना आज के दौर की आवश्यकता है। **जिलाधिकारी श्री मीणा ने भी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि** ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम हैं। **दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रद्युम्न जैसे छात्र कॉलेज की शान बढ़ा रहे हैं।**

